Title: Need to improve telephone services in Ahmedabad and Bhavnagar districts, Gujarat.

श्री रतिलाल कालीदास वर्मा (धन्धुका) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र के तहत अहमदाबाद व भावनगर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को संचार संबंधी कई सुविधाओं खासतौर पर टेलीफोन सेवा में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार ध्यानार्काण के बावजूद भी अभी तक केबल की कमी को दूर नहीं किया जा सका तथा जहां टेलीफोन एक्सचेंज मशीनों की अपेक्षा है वहां मशानें नहीं हैं।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि मेरे क्षेत्र में केबल व नए टेलीफोन एक्सचेंजों की स्थापना करने के साथ-साथ बरसात के दौरान फोन लाइनों में आई खराबी को तुरन्त दूर करने, विभाग की लापरवाही से लम्बे समय से खराब पड़े टेलीफोन-धारकों के बिलों की भुगतान राशि को कम करना चाहिए। कई वार्ों से लंबित पड़ी प्रतीक्षा सूचियों पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही कर उपभोक्ताओं को तुरन्त नई लाइनें प्रदान की जाएं, यह मेरी सरकार से मांग है।